संख्या-26/2022/474/001-5-31-15-E-1465061

प्रेषक,

डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

परिवहन अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 22 नवम्बर, 2022

विषय- बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला, मऊ के निर्माण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ के पत्र संख्या-755 बी/डीए/पूर्व/22-09जेईटी/वि0/15-16, दिनांक 15.07.2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-30/2016/551/तीस-1-2016-5(31)/2015, दिनांक 08.08.2016 द्वारा बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला मऊ के निर्माण हेतु धनराशि रू0 1211.40 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये रू0 484.00 लाख कतिपय शर्तो के अधीन प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की गयी है। तदोपरान्त शासनादेश संख्या-05/2018/1583/तीस-1-2018-5(31)/2015, दिनांक 27.02.2018 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 484.00 लाख, शासनादेश संख्या-14/2019/565/ तीस-1-2019-5(31)/2015, दिनांक 03.10.2019 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू0 182.837 लाख एवं शासनादेश संख्या-13/2020/463/तीस-1-2020-5(31)/2015, दिनांक 01.09.2020 द्वारा प्रश्नगत कार्य हेतु पुनरीक्षित लागत रू0 1455.06 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये चतुर्थ किश्त के रूप में रू0 50.00 लाख निर्गत की गयी है। तत्क्रम में शासनादेश संख्या-11/2021/230/तीस-1-2021-5(31)/2015, दिनांक 25.03.2021 द्वारा पंचम किश्त के रूप में रू0 100.00 लाख एवं शासनादेश संख्या-4/2022/651/तीस-1-2021-5(31)/2015, दिनांक 07.01.2022 द्वारा षष्टम किश्त के किश्त के रूप में रू0 40.00 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 1340.837 लाख कार्यदायी संस्था को अवमुक्त की गयी है। उक्त के अतिरिक्त शासनादेश संख्या-20/2022/166/तीस-1-2022-5(31)/2015, दिनांक 31 मार्च, 2022 द्वारा सप्तम किश्त के रूप में 41.47 लाख अवमुक्त की गयी। उक्त निर्माण कार्य हेतु कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज, (उ0प्र0 जल निगम) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

2- प्रश्नगत परियोजना के संबंध में प्रबन्ध निदेशक, परिवहन निगम के उक्त पत्र दिनांक 15.07.2022 द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला मऊ के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-20/2022/166/तीस-1-2022-5(31)/2015, दिनांक 31 मार्च, 2022 द्वारा सप्तम किश्त के रूप में रू0 41.47 लाख अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति निर्गत की गयी थी, जो आहरित नहीं की जा सकी।

3- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम के उक्त प्रस्ताव एवं विचारोपरान्त बस स्टेशन एवं डिपो कार्यशाला, मऊ के निर्माण हेतु उक्त शासनादेश संख्या-20/2022/166/तीस-1-2022-5(31)/2015, दिनांक 31 मार्च, 2022 को निरस्त करते हुए परियोजना की स्वीकृत कुल लागत रू0 1455.06 लाख में से 5 प्रतिशत धनराशि को रोकते हुये चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में व्यय हेतु सप्तम किश्त के रूप में रू0 41.47 लाख (रूपये इक्तालीस लाख सैंतालीस हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तो के साथ सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) स्वीकृत धनराशि की व्यय वित्तीय हस्त पुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।
(2) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिए है उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जाएगा।
(3) परिवहन निगम द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(4) कार्यो की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो इसे भी परिवहन निगम द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित किया जायेगा।
(5) परिवहन निगम द्वारा योजना की गाइडलाइन्स का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(6) धनराशि का आहरण राजकोष से तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही किया जाएगा और धनराशि आहरित करके अनावश्यक रूप से धनराशि बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।
(7) मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/परिवहन निगम का होगा।
(8) प्रश्नगत निर्माण कार्य में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे-नये कार्य बढ़ाना, कार्यो के आकार में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियॉ इस्तेमाल करना इत्यादि, सक्षम स्तर का पूर्ण अनुमोदन प्राप्त किये बिना नहीं किया जायेगा।
(9) कार्यदायी संस्था द्वारा निर्धारित समय में तथा उत्कृष्ट श्रेणी की गुणवत्ताओं के साथ पूर्ण कराया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

(10) स्वीकृत की जा रही उक्त धनराशि का मासिक विवरण प्रपत्र बी0एम0-13 में प्रतिमाह वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9 एवं परिवहन अनुभाग-1/3, उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(11) निर्माण के समय कार्य की विशिष्टियां, मानक, गुणवत्ता एवं समयबद्धता अवश्य सुनिश्चित किये जाने का दायित्व कार्यदायी संस्था तथा उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम का होगा।

(12) उक्त धनराशि का व्यय सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करने के उपरान्त किया जायेगा।

(13) अन्य समस्त शर्ते पूर्व निर्गत शासनादेश संख्या-30/2016/551/तीस-1-2016-5(31)/2015, दिनांक 08.08.2016, शासनादेश संख्या-05/2018/1583/तीस-1-2018-5(31)/2015, दिनांक 27.02.2018, शासनादेश संख्या-14/2019/565/ तीस-1-2019-5(31)/2015, दिनांक 03.10.2019, शासनादेश संख्या-13/2020/463/तीस-1-2020-5(31)/2015, दिनांक 01.09.2020, शासनादेश संख्या-11/2021/230/तीस-1-2021-5(31)/2015, दिनांक 25.03.2021 एवं शासनादेश संख्या-4/2022/651/तीस-1-2021-5(31)/2015, दिनांक 07.01.2022 के अनुरूप यथावत रहेगी।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय रूपये 41,47,000 (रूपये इक्तालीस लाख सैंतालीस हजार मात्र) चालू वित्तीय वर्ष-2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 043 लेखा शीर्षक 5055001900300 उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में अंशपूंजी विनियोजन मानक मद 30 निवेश/ऋण के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9 के अशासकीय संख्या-ई-9-94-X-2022-23, दिनांक 15 नवम्बर, 2022 में प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

ह0
डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा,
विशेष सचिव।

संख्या-26/2022/474(1)/001-5-31-15-E-1465061, तद् दिनांक।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
5. निदेशक, कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम), लखनऊ।
6. वित्त नियंत्रक, परिवहन आयुक्त, कार्यालय लखनऊ।
7. वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
8. वित्त नियंत्रक, कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ0प्र0 जल निगम), लखनऊ।
9. नियोजन अनुभाग-4।
10. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-9/उप सचिव, परिवहन अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
11. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ह0
डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा,
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।